## प्रेस विज्ञप्ति

## जनपद बस्ती

## दिनांक-20.08.2026

### थाना छावनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर फोन पे/ गूगल पे के माध्यम से ए०टी०एम० मशीन पर क्यू०आर० स्कैन कर पैसे निकालने वाले गैंग के सरगना सहित तीन शातिर चोरों (एक बाल अपचारी) को किया गया गिरफ्तार-

थाना छावनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर फोन पे/ गूगल पे के माध्यम से ए०टी०एम० मशीन पर क्यू०आर० स्कैन कर पैसे निकालने के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-174/2026 धारा-303(2), 317(2) BNS से **संबंधित 03 अभियुक्तों यथा क्रमशः 1-**अर्जुन उर्फ दिनेश पुत्र बब्लू निषाद **2-**राजकुमार पुत्र तुलसीराम **3-**बाल अपचारी को दिनांक-20.08.2026 को समय करीब 13:33 बजे रामजानकी रोड रामरेखा मंदिर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया |

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

**1-** अर्जुन उर्फ दिनेश पुत्र बब्लू निषाद निवासी उम्र करीब 23 वर्ष निवासी नेतौरी थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा (उ०प्र०) |

**2-** राजकुमार पुत्र तुलसीराम निवासी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी नेतौरी थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा (उ०प्र०) |

**3-** बाल अपचारी |

**बरामदगी का विवरण-**

**1-** छः अदद एंड्रॉयड मोबाइल |

**2-** रुपये 460/- नगद |

**अपराध का तरीका-**

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग एक साथ मिल कर अच्छी मोबाइल व अच्छा बैंक बैलेंस रखने वाले की रेकी करते हैं एवं हम लोगों को जब मालूम हो जाता है कि वह अपनी मोबाइल अपने घर/ दुकान पर रखकर कहीं निकला हैं तो उसी दौरान उसका फोन चोरी कर भाग जाते हैं |

**घटना/ पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि चोरी किए गए मोबाइल में जो नंबर लगा रहता था, वही नंबर का पासवर्ड, ट्रांजैक्शन पासवर्ड रहता था तो उसी पासवर्ड से हम लोग तीसरे **अभियुक्त 3-**(बाल अपचारी) की मदद से पासवर्ड तोड़कर किसी ए०टी०एम० मशीन पर जाकर क्यू०आर० कोड स्कैन कर ए०टी०एम० से पैसा निकाल लेते हैं एवं निकाले हुए पैसे को आपस में बराबर हिस्से में बांट लेते हैं, जिसे हम लोग ऐशों-आराम में खर्च करते हैं एवं अपनी शौक का सामान भी खरीदते हैं, जिसमें से कुछ पैसा हम लोगों के पास बचा हुआ था, जो आप लोगों द्वारा बरामद कर लिया गया है |

बरामदशुदा एंड्रॉयड मोबाइल के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि यह विक्रमजोत, पचवस व अन्य जगह से चुराया हुआ एंड्रॉयड मोबाइल है | हम लोग आज भी एंड्रॉयड मोबाइल चुराने के फिराक में थे, लेकिन आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये |

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

**1-** प्रभारी निरीक्षक छावनी राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह जनपद बस्ती |

**2-** उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति थाना छावनी जनपद बस्ती |

**3-** का0 अभिषेक सिंह, का0 शिल्लू जायसवाल, का0 राजीव रंजन थाना छावनी जनपद बस्ती |

